हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 26 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

10 अटल ने देश को पूर्व से पश्चिम व उत्तर से दक्षिण तक जोड़ा : सैनी



10 श्रद्धालुओं ने माता तुलसी की पूजा-अर्चना की



## खबर संक्षेप

### ताला तोड़कर आभूषण लाखों की नकदी चोरी

**जींद।** जैन नगर में मकान का ताला तोड़कर अंदर से सोने चांदी के जेवरात चोरी करने पर शहर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में जैन नगर निवासी वीना रानी ने बताया कि वह 23 दिसबंर को अपनी बेटियों के मायके में खरखौदा गई हुई थी।

### नौ किलो 700 ग्राम डोडा पोस्त सहित आरोपी काबू

**कैथल।** थाना गुहला पुलिस द्वारा एक आरोपी को 9 किलो 700 ग्राम डोडापोस्त सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना गुहला पुलिस के एएसआई बलजीत सिंह की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान दाबनखेड़ी क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि दाबनखेड़ी निवासी साहब सिंह नशीला पदार्थ डोडापोस्त बेचने का धंधा करता है।

### माता वैष्णों देवी मंदिर से दानपात्र चोरी, केस दर्ज

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने न्यू कृष्णा कालोनी स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर से दान पात्र चोरी होने पर चोरी का मामला दर्ज किया है। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में मंदिर के पुजारी हिम्मत सिंह ने बताया कि वह पिछले 22 साल से न्यू कृष्णा कालोनी स्थित मंदिर में पूजारी है। 19 दिसबंर की रात को अज्ञात लोगों ने मंदिर के दानपात्र को चोरी कर लिया।

### अलग-अलग मामलों में 2 वाहन चोर काबू

**कैथल।** एंटी व्हीकल स्टाफ इंचार्ज एसआई राजेंद्र की अगुवाई में 2 मामलों में 2 वाहन चोर काबू कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बाइक चोरी के एक मामले की जांच दौरान एंटी व्हीकल स्टाफ के एसआई शुभकर्ण की टीम द्वारा आरोपी शक्ति नगर कैथल निवासी बिट्टू को काबू कर लिया गया।

### कॉलेज गई छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**जींद।** शहर की एक कालोनी से घर से कॉलेज के लिए गई छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि उसका बेटा अपनी बहन को राजकीय कॉलेज में छोड़ने के लिए 23 दिसबंर को गया था। वह उसको कॉलेज के बाहर गोहाना रोड पर छोड़कर आया था। इसके बाद सायं तक वह वापस नहीं लौटी।

### नागक्षेत्र सरोवर में मिला युवक का शव

**सफीदों।** नगर के नागक्षेत्र सरोवर में सोमवार को एक युवक का शव बरामद हुआ है। शव की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया और काफी तादाद में लोग सरोवर के ईद-गिर्द जमा हो गए। मामले की सूचना सिटी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर सिटी थाना प्रभारी ईश्वर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बरामद किए गए शव की पहचान वार्ड सात सफीदों निवासी सागरदीप (23) के रूप में हुई है।

### हिसार के लिए निकली किशोरी लापता, केस

**जींद।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव से हिसार जाने के लिए निकली 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में हिसार के कृष्णा नगर में रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पहले पति की मौत होने के बाद उसने दूसरी शादी कर ली थी।

### नशीले पदार्थों के साथ दो गिरफ्तार

**जुलाना।** किलाजफरगढ़ गांव के पास पुलिस ने अफीम और चूरा पोस्त के साथ दो आरोपितों को गिरफतार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि किलाजफरगढ़ के पास दो युवक नशीले पदार्थों के साथ खड़े हैं। छापेमारी पर कब्जे से 138 ग्राम अफीम और दो किलो 546 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया।

---

### ट्रक में पीछे से घुसी बाइक, हादसे में युवक की मौत, रोडवेज चालक और परिचालक घायल

# धुंध में दो हादसेः रोडवेज बस और ट्राला भिड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

धुंध का मौसम शुरू हो गया है और ऐसे में हादसे होने की भी शुरूआत हो चुकी है। रात और सुबह घनी धुंध छाने लगी है। सोमवार सुबह घनी धुंध के चलते जिले में दो सड़क हादसे हो गए। जिसमें एक युवक की मौत हो गई वहीं बस के चालक कुलदीप तथा परिचालक घायल हो गए। रोहतक-संगरूर नेशनल हाईवे पर अशरफगढ़ गांव के पास रोडवेज बस और ट्राले की भिड़ंत हो गई। बस में 20 से ज्यादा यात्री सवार थे। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में रोडवेज बस चालक और परिचालक को चोटें आई है।

रोडवेज बस चालक की सूझ.बूझ से यह बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे का कारण गहरी धुंध बताया जा रहा है। धुंध के चलते दृश्यता पांच मीटर से भी कम हो रही है, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। सोमवार सुबह झ'जर डिपो की बस रोहतक से जींद की तरफ आ रही थी। जब अड्डा से बस पांच किलोमीटर दूर थी तभी गांव अशरफगढ़ के पास बस की ट्राले से भिडंत हो गई। इसमें बस का चालक की तरफ अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद बस में मौजूद यात्री बाल-बाल बच गए। सदर थाना प्रभारी संजय ने बताया कि अशरफगढ़ गांव के पास सोमवार सुबह हुए हादसे में रोडवेज बस चालक व परिचालक को चोटें आई हैं जबकि यात्री बाल-बाल बच गए हैं। फिलहाल पुलिस के पास कोई शिकायत नहीं आई है। यदि शिकायत आती है तो मामले में कार्रवाई की जाएगी। वहीं सोमवार सुबह हसनपुर के पास अचानक ब्रेक मारने पर एक बाइक आगे जा रहे ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में बाइक सवार गोहियां निवासी 33 वर्षीय दिनेश की मौत हो गई। जिला में इस साल नवंबर तक हुए सडक़ हादसों में 174 लोग जान गंवा चुके हैं। हालांकि पिछले मरने वालों का आंकड़ा 168 था लेकिन इस साल अब तक यह आंकड़ा 174 पर पहुंच गया है। इससे पहले वर्ष 2021 में यह आंकड़ा 203 था। इस साल जनवरी माह की बात करें तो सडक़ हादसों में आठ लोगों ने जान गंवाई। फरवरी महीने में 21 लोगों की मौत हुई। मार्च में 14, अप्रेल में नौ, मई में 12, जून में 17, जुलाई में 22, अगस्त में 14, सितंबर में 11, अक्टूबर में 32 और नवंबर में 14 लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई। पिछले साल नवंबर महीने में 22 और वर्ष 2021 में 27 लोग हादसों का शिकार हुए थे।

### जींद में वर्ष 2023 में अबतक 174 लोग गंवा चुके सड़क हादसों में जान



**कैथल।** की सड़कों पर छाई धुंध। फोटो :हरिभूमि





**जींद।** हादसे में दुर्घटनाग्रस्त रोडवेज बस। फोटो :हरिभूमि

#### रिफ्लेक्टर जरूर लगवाएं

थाना प्रभारी बलवान बूरा ने कहा कि कोहरे के मौसम में वाहन चालक सावधनी बरतें। वाहन पर रिफ्लेक्टर जरूर वाहन चालक लगवाए। कोहरे के मौसम वाहन की लाइट रिफ्लेक्टर पर पड़ने पर पता चल जाता है कि कोई वाहन सामने है। रिफ्लेक्टर न होने पर हादसा होने का डर रहता है। रिफ्लेक्टर लगाने में कोई 'यादा राशि खर्च नहीं होती है बल्कि कोहरे के मौसम में दुर्घटनाओं से बचने में रिफ्लेक्टर कारगार साबित होती है। अधिकांश दुर्घटना इसलिए होती है कि पीछे आने वाले वाहन को कोहरे के चलते पता नहीं चल पाता है कि सामने कोई वाहन है या नहीं है।

#### चालक सावधानी बरतें

जिला परिवहन अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि अब धुंध का मौसम शुरू हो चुका है। चालकों से आह्वान है कि जिंदगी अनमोल है इसलिए यातायात के नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं। घनी धुंध के चलते सोमवार को जिले में दो सडक़ हादसे हुए हैं। रोडवेज बस और ट्राले की भिड़ंत में चालक और परिचालक घायल हुए हैं जबकि दूसरे हादसे में एक युवक की मौत हुई है।

#### कोहरे से आवागमन प्रभावित

कोहरा लगातार जारी होने से आवागमन पर इसका असर पड़ रहा है। उचाना में देर तक रहे कोहरे के असर के चलते आवागमन प्रभावित रहा। वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर को धूप निकलने से लोगों को कोहरे के साथ-साथ सर्दी से राहत मिली। ठंड बढ़ने से गेहूं सहित अन्य फसलों को फायदा होगा। कोहरे के बरते सफर के दौरान सावधानी



**राजौंद।** कोहरे के कारण दिन में लाइट जलाकर चलते वाहन। फोटो :हरिभूमि

## कैथल की सड़कों पर छाया रहा कोहरा, चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सोमवार को कैथल की सड़कों पर घना कोहरा छाया रहा। सुबह के समय से शुरू हुई धुंध व कोहरा करीब 11 बजे सूर्यदेव के दर्शन के साथ समाप्त हुआ। धुंध व कोहरे के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन चालक लाइन में एक दूसरे वाहन के पीछे लाइटों के सहारे आगे बढ़ते नजर आए। धुंध के कारण दृश्यता 5 फीट तक सिमटने के कारण हादसों का भय भी बना रहा लेकिन गनीमत रही कि सोमवार को जिले में ऐसा कोई हादसा नहीं हुआ। वहीं धुंध के कारण पारा भी लुढक गया है। सोमवार को कैथल का न्यूनतम तापमान 7 तो अधिकतम 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। धुंध के कारण ठंड से बचने को लेकर राहगीर और दुकानदार अलाव सेकते नजर आए।

---

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग

- चीका में कन्वेंशन कर लिया स्थिति का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

कर्मचारियों के लंबित मांगों, मुद्दों व सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने 4 फरवरी को रोहतक में राज्य स्तरीय रैली का आयोजन किया जाएगा। तैयारी को लेकर गुहला रोड पर संजय कॉलोनी में कन्वेंशन की , जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान पवन शर्मा ने व मंच का संचालन ब्लॉक सचिव संदीप कुमार सैनी ने किया। आज की इस कन्वेंशन के मुख्य वक्ता सर्व कर्मचारी संघ जिला के सचिव रामपाल शर्मा, उप प्रधान छज्जू राम और संगठन सचिव जसबीर सिंह रहे। बताया कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, पुरानी पेंशन बहाली, विभागों के निजीकरण पर रोक लगाने व विभिन्न वर्गो के कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को ठीक करवाने आदि मांगों को लेकर रोहतक में जोरदार रैली की जाएगी। जनप्रतिनिधियों से रू ब रू होने की कड़ी में गांवों में जाकर सरपंचों व ब्लॉक समिति सदस्यों से विभागों को बचाने हेतु समर्थन पत्र हासिल करने का अभियान 31 दिसंबर तक चलाया जाएगा।




**गुहला-चीका।** कन्वेंशन को सम्बोधित करते कर्मचारी नेता राम पाल शर्मा।

## नियमों की उल्लंघना पर 17 के काटे चालान

### 33 नाके लगाकर व कैथल पुलिस ने 1115 वाहनों को किया चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

रविवार की शाम को जिला पुलिस द्वारा सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की गई। रविवार शाम 6 बजे से लेकर शाम 9 बजे तक जिला में सीलिंग प्लान चलाया। सीलिंग प्लान के तहत जिला में विभिन्न स्थानों पर विशेष नाकाबंदी करके वाहनों की गहनता से जांच की गई। सीलिंग प्लान किसी भी आपात स्थिति से निपटने व अपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधियों को पकड़ने व अपराधों की रोकथाम हेतु तुरंत कार्रवाई के लिए जिला पुलिस द्वारा किया जाता है। सीलिंग प्लान के अनुसार जिला में कुल 33 नाकों पर जिला पुलिस में तैनात अधिकतम पुलिसकर्मियों को नाका ड्यूटी पर लगाया था। नाका पर तैनात चेकिंग पार्टियों ने टू व्हीलर, फोर व्हीलर, हल्के वाहन व भारी वाहनों की गहनता से जांच की गई। इस सीलिंग प्लान के दौरान नाकाबंदी करके 1115 वाहनों को चेक किया गया तथा यातायात के नियमों की घोर उल्लंघना करने वाले 17 वाहनों के चालान काटे गए, जिनमें से नियमों की घोर अवहेलना करने कारण 1 वाहन को इंपाउंड किया गया। इस एसपी उपासना ने कहा कि सीलिंग प्लान का उद्देश्य जिला के आम नागरिकों को सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम व किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए चलाया है।



**कैथल।** वाहनों की जांच करते पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

---




सीएम पंचकूला में सुशासन दिवस पर कैथल के अधिकारियों को सम्मानित करते।

### योजनाओं का अविलंब लाभ पहुंचाने पर कैथल द्वितीय

**कैथल।** कैथल को सभी सरकारी योजनाओं का अविलंब लाभ पहुंचाने पर प्रदेश में द्वितीय पुरस्कार मिला। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को पंचकूला में सुशासन दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में यह पुरस्कार दिया गया। जिला प्रशासन की और से एसडीएम कपिल कुमार, डीआईओ दीपक खुराना, तत्कालीन डीडीए रहे डॉ. महावीर सिंह ने पुरस्कार को प्राप्त किया। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा जिला में सभी सेवाओं को समयबद्ध तरीके से नागरिक तक पहुंचाया जा रहा है। भविष्य में भी इसी तरह सुशासन से जुड़ी सभी सेवाओं को जिला वासियों तक पहुंचाया जाता रहेगा। इसके दृष्टिगत सरल केंद्रों, अंत्योदय भवनों में संबंधित स्टाफ की नियुक्तियां की गई हैं। ऑनलाईन व्यवस्था से संबंधित व्यक्तियों तक सेवाओं व योजनाओं का लाभ सरकार के निदेर्शानुसार तय सीमा अनुसार दिया जा रहा है। सुशासन की परिपाटी पर चलते हुए कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए गए हैं, जिसे आने वाले समय में जिला और आगे बढ़ सकेगा।

## पटवारियों की नियमित भर्ती हो

- बढ़ाए गए वेतनमान को नोटिफिकेशन जारी न करने पर बिफरी पटवार एसो.

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

द पटवार एंड कानूनगो एसो. के प्रदेशाध्यक्ष जयबीर सिंह चहल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा गत 25 जनवरी को बढ़ाए गए वेतनमान को एक जनवरी 2016 से तथा 25 जनवरी से वास्तविक रूप से लागू न करने का नोटिफिकेशन आजतक भी जारी नही किया गया है। जबकि रा'सव विभाग द्वारा इस मामले में अपनी संतुष्टि दे दी गई थी। इस बारे में एसो. के पदाधिकारी कई बार उच्च अधिकारियों से मिल चुके हैं लेकिन आशसन के सिवाए उन्हें कुछ हासिल नही हुआ है। ऐसे में एसो. ने तीन से 5 जनवरी तक सांकेतिक धरना देने का निर्णय लिया है। अगर इसके बाद भी सरकार उनकी मांगों पर संज्ञान नही लेती है तो सांकेतिक धरने को अनिश्चितकालीन हडताल में बदल दिया जाएगा। एसो. के प्रदेशाध्यक्ष जयबीर सिंह चहल सोमवार को पटवारखाना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कहा कि संगठन उपमुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री से भी कई बार मिल चुके हैं तथा अपना पक्ष रखते समय लेने के लिए मुख्यमंत्री को भी ई-मेल भेजी गई थी। जिसका जवाब आजतक भी नही आया है।



**जींद।** द पटवार एंड कानूनगो एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष जयबीर सिंह चहल।



**पूंडरी।** मंचासीन प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी साथ में अशोक गुर्जर व अन्य।

### कांग्रेस और विपक्ष का गठबंधन घमंडी : नायब सैनी

**पूंडरी।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि 2024 विजन को लेकर, तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने को लेकर, हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटें भाजपा के खाते में भेजने को लेकर और हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने को लेकर जो आमजन मेहनत कर रहा है, भाजपा कार्यकर्ता धरातल पर कार्य कर रहा है, उसको सभी एक मिशन के रूप में ले रहे हैं। सैनी आज गांव जांबा में सतपाल जांबा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। गांव में पहुंचने पर सतपाल जांबा ने साथियों सहित भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वेदपाल एडवोकेट, जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, पूर्व विधायक चौ. तेजवीर सिंह, सुभाष हजवाना व महिला जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। सैनी ने कहा कि भाजपा के कार्यक्रमों में उमड़ रही भीड़ इस बात का संकेत है कि मोदी-मनोहर की जोड़ी से देश-प्रदेश की जनता बेहद खुश है।

---

### आंगनबाड़ी वर्कर्स, सुपरीवाइजर व सीडीपीओ को दिए स्मार्ट फोन

# स्मार्ट मोबाइल से होगा स्मार्ट कार्य : धानक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के श्रम एवं रोजगार मंत्री अनुप धानक ने कहा कि सुशासन समयबद्ध गतिविधि ना होकर जनहित में चलने वाली निरंतर प्रक्रिया है। प्रशासन एवं सरकार की प्रत्येक योजना का समाज के आखिरी वांछित व्यक्ति तक फायदा पहुंचाने का जो सपना देश की महान विभूतियां भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई व पंडित मदन मोहन मालवीय ने देखा था, उस परिकल्पना को मूर्त रूप देना सरकार का मुख्य मुख्य उद्देश्य है। अनूप धानक सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ जींद के विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा, जुलाना के विधायक अमरजीत ढांडा, अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ, जींद के एसडीएम डा. पंकज यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य मंत्री अनुप धानक ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से विभागीय सुपरवाइजर, सीडीपीओ तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 1515 स्मार्ट मोबाइल फोन भी वितरित किए।



सुशासन दिवस पर कार्यक्रम में भाग लेते श्रम एवं रोजगार मंत्री अनुप धानक।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला परिषद सीईओ डा. किरण सिंह, नगरायुक्त सुरेंद्र बैनिवाल, शुगर मिल के एमडी प्रवीण कुमार, नगराधीश नमिता कुमारी, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सलोचना कुंडू मौजूद रही।

## गोवंश के लिए मौत का सबब बनी सूखी हांसी बुटाना नहर

- नहर में एक दर्जन भर के करीब को छोड़ गायब हो गया कलियुगी इंसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

इस समय घोर कलियुग चल रहा है, जिसके चलते इंसान की भावनाएं भी एक-दूसरे के प्रति शून्य होती जा रही हैं। पशु व पक्षियों को लेकर तो इन्सान काफी क्रूर नजर आ रहा है। इसका ताजा उदाहरण आज उस समय मिला, जब कोई व्यक्ति करीब एक दर्जन गौवंश को सूखी हांसी बुटाना नहर में छोड़ गया। जानकारी के अनुसार गायों को छोड़ने का सिलसिला यूं तो हर रोज ही देखने को मिल रहा है और लोग गायों का दूध पीकर रस्सा खोल देते हैं और गौ धन सड़कों पर भूखों मरने की स्थिति में आ जाता है परंतु स्थिति बेहद खतरनाक के साथ-साथ अमानवीय भी है क्योंकि हांसी बुटाना नहर सूखी तो है ही अलबत्ता इसमें से बाहर निकलने का भी कोई रास्ता नहीं है। जानकारी के अनुसार कुछ लोग पशुओं को ढलान पर लाकर उन्हें धक्का दे देते हैं जिसके चलते डर के मारे जब गाय भागती है तो वह हड़बड़ाहट में नहर में जा गिरती है और उसके बाद तब तक बाहर नहीं निकल सकती, जब तक कोई उसे वहां से न निकाले।

## खबर संक्षेप

### नंदगढ़ पहुंची विकसित संकल्प भारत यात्रा

**जुलाना।** संकल्प विकसित भारत यात्रा केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों को लेकर गांव नंदगढ़ पहुंची। यहां पर ग्रामीणों को सरकार की नीतियों के प्रति जागरूक किया और मोदी सरकार की नीतियां ग्रामीणों को बताई। सोमवार को गांव नंदगढ़ में पहुंची हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा में भाजपा किसान मोर्चा के जिला प्रधान संदीप लोहान आदि मौजूद रहे।

### वाजपेयी के सपनों को पूरा कर रहे मोदी: सिंह

**उचाना।** पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी फोटो पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने हिस्सा लिया। हरेंद्र सिंह ने कहा कि भारत रत्न अॅवार्ड अटल बिहारी वापजेयी को मिला क्योंकि देश हित में निरंतर उन्होंने कार्य किया। पीएम नरेंद्र मोदी उनके सपनों को पूरा करने का काम कर रहे है। जो सड़क योजना केंद्र की चल रही है वो अटल बिहारी वाजपेयी की देन है।

### जजपा सैनिक प्रकोष्ठ हलकाध्यक्ष बने पूनिया

**उचाना।** जजपा की सैनिक प्रकोष्ठ की सूची में कुचराना कलां के सरपंच सत्यनारायण पूनिया को हलकाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। पूनिया ने पार्टी राष्ट्रीयध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष बलजीत मोर, कार्यालय सचिव प्रो. जगदीश सिहाग का आभार प्रकट करते कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है वो उसको निष्ठा से निभाने का काम करेंगे।

### गुरु की सेवा करने से मन कंट्रोल: लब्धि प्रभा

**उचाना।** एसबीआई शाखा के पास सतपाल गोयल के आवास पर विराजमान साध्वी लब्धि प्रभा ठाणे-3 ने कहा कि ने कहा कि प्रभु राम को मर्यादा पुरूषोत्तम कहते है क्योंकि वे सदा मर्यादा में रहते थे। मर्यादा का अर्थ संयम, निज पर शासन। मर्यादा में रहने से ही वे पुरूषोत्तम अर्थात पुरूषों में उत्तम कहे । आज इंसान का न मन संयम में रहता है न ही वचन न ही काया।

### श्रद्धालुओं से भरी बस को दिखाई हरी झंडी

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज महिला ईकाई जींद का शिष्टमंडल कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव एवं महाभारत कालीन दर्शनीय स्थलों के भ्रमण हेतु रानी तालाब नेहरू पार्क से रवाना हुआ। महिलाओं से भरी इस बस को अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल व मीना शर्मा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

### विकसित भारत संकल्प की लोगों को दिलाई शपथ

**सफीदों।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को उपमंडल के गांव पाजू कलां, साहनपुर, सरनाखेड़ी व रामपुरा सहित अनेक गांवों में पहुंची। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि सफीदों विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य, जिलाध्यक्ष राजकुमार मोर, पूर्व विधायक कलीराम पटवारी पूर्व जिलाध्यक्ष अमरपाल राणा सहित अनेक नेताओं ने शिरकत की।

### धूमधाम से मनाया तुलसी पूजन दिवस

सफीदों । कर्मकांडी ब्राह्मण परिषद के तत्वावधान एवं विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सहयोग से महाभारतकालीन नागक्षेत्र सरोवर, गीता मंदिर व हंसराज तीर्थ पर तुलसी पूजन दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के प्रतिनिधि संजीव गौत्तम ने की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधिवत वैदिक मंत्रोचारण के बीच तुलसी पूजन किया तथा मंगलगीत गाए।

### महिला सम्मेलन में आएंगे ओपी चौटाला

**उचाना।** इनेलो द्वारा 31 दिसंबर को कपास मंडी उचाना में आयोजित किए जा रहे प्रदेशस्तरीय महिला सम्मेलन को लेकर हलकाध्यक्ष सूबे सिंह लोहान ने विभिन्न गांवों के दौरे किए। सूबे लोहान ने बताया कि सम्मेलन को पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला, प्रधान महासचिव अभय चौटाला एवं सुनैना चौटाला संबोधित करेंगी।

## भाजपाइयों ने मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस मनाया

# अटल ने देश को पूर्व से पश्चिम व उत्तर से दक्षिण तक जोड़ा : सैनी

### आज लोगों का घर बैठे ही सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के वीर भवन में सोमवार को मदन मोहन मालवीय तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस सुशासन दिवस के रुप में मनाया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक जोड़ने का काम किया। आज लोगों का घर बैठे ही सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। यही सुशासन का मूल मंत्र है। सैनी ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने जब 2014 में अपना कार्यभार संभाला तो उसी दिन से सुशासन का कार्य शुरू कर दिया था। लोग घर बैठे ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। लोगों का सरकार और सेवाओं पर भरोसा बढ़ा है। सभी लोगों को निष्पक्ष और बिना देरी के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

सरकारी व्यवस्था में परिवर्तन का लगातार प्रयास जारी है और इसके सुधार के परिणाम सबके सामने आ रहे हैं। आज ऑनलाइन तबादला नीति से प्रदेश का अध्यापक वर्ग पूरी तरह से संतुष्ट है। इसमें बिना भेदभाव के काम किया जा रहा है। बिना खर्ची व पर्ची के मैरिट के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं। देश व प्रदेश में आजादी के बाद पहली बार गरीब बच्चों को मैरिट के आधार पर नौकरियां मिली हैं। पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक भी उसी प्रकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा हैए जो पहले व्यक्ति तक पहुंचता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को सुशासन दिवस के अवसर पर संकल्प दिलाया कि वह इन योजनाओं का हर व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में सहयोग करेंगे।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक जोड़ने का काम किया।इस मौके पर नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सेवाराम सैनी, रोशनलाल, रणबीर कश्यप, रामफल सैनी, प्रमोद कुमार, सुरेश कुमार, विक्रम सैनी, ओमप्रकाश, पिरथी कश्यप, ओमप्रकाश, महाबीर, सुनील सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



जींद। सफीदों के वीर भवन में सोमवार को मदन मोहन मालवीय तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस मनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया

**नरवाना।** कस्बे के मॉडल टाउन में स्थित भाजपा कार्यालय में अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, नरवाना शहर के संयोजक ईश्वर गोयल, बलदेव वाल्मीकि ने अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डाला। अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया व उनके चरणों में पुष्प अर्पित किए गए व लडडू बांटे गए। प्रैस प्रवक्ता विकेश तागरा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई हमेशा ईमानदारी के पथ पर चले उनकी सरकार गिर गई पर उन्होंने सांसदों की खरीद फरोक्त नही की। वे ऐसे नेता थे जिन्हें विपक्ष भी पसंद करता था। इस अवसर पर धर्मवीर बाता, विनोद गोयल, अनिल शर्मा, धीरज शर्मा, प्रदीप चौसाला, विनय बेलरखा, संजीव सेन, दिलबाग सिंह, बलजीत, कृष्ण शर्मा, डॉक्टर पुरुषोत्तम आर्य आदि उपस्थित रहे।



जींद। अटल बिहारी वाजपेई की फोटो पर माल्यार्पण करते हुए।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वायपेयी को किया नमन

**जींद ।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वायपेयी की 99वीं जयंती सोमवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी जींद से जिला अध्यक्ष राजू मोर ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जींद में बूथों, मंडल स्तर ए शक्ति केंद्रोए विधानसभा व जिला स्तर पर सुशासन दिवस के रूप मनाया गया। राजू मोर ने सफीदों विधानसभा के गांव पाजू कलां, साहनपुर में कार्यकर्त्ताओं के साथ मनाई। उन्होंने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को बताया कि अटल जी ने एक सौ वर्ष से भी ज्यादा पुराने कावेरी जल विवाद को सुलझाया। संरचनात्मक ढांचे के लिए कार्यदल, सॉफ्टवेयर विकास के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यदल, विद्युतीकरण में गति लाने के लिये केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग आदि का गठन किया। तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। वह जीवन के शुरुआती दिनों में स्वयं सेवक संघ में शामिल हुए। अक्सर उनकी बहन अटल की पैंट को फेंक दिया करती थी। क्योंकि उनके पिता एक सरकारी कर्मचारी थे और उनका परिवार नहीं चाहता था कि अटल आरएसएस की खाकी पैंट पहनें। भाजपा जिला महामंत्री डा. राज सैनी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में जिला स्तर पर जींद भाजपा कार्यालय व शहरी मंडल द्वारा मंडल स्तर पर राज अस्पताल रोहतक रोड पर मनाया गया। साथ में जिला उपाध्यक्ष सियाराम गोयल, अनिल शर्मा, आशुतोष गालव, राजेश नायक मौजूद रहे।



# नेहा-तमन्ना का किया सम्मान

- हमारी जीत होते ही लोगों की नकारात्मक सोच हो जाती है सकारात्मक : विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी को सशक्त बनाओ अभियान को आगे बढ़ाते हरियाणा राज्य परियोजना परिषद के अधीन शिक्षा विभाग द्वारा संचालित बालिका रोल मॉडल कार्यक्रम में मुख्या अतिथि के तौर पर सैकिंग अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी विकास सुदकैन पहुंची। राजकीय वामवि दुर्जनपुर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक रामकुमार ने की। विकास राणा ने अपने जीवन के अनुभव सांझा कर बताया कि की एक बालिका के जीवन में कौन-कौन से रोल आते है और उनमें अपनी जिम्मेदारी किस प्रकार निभाई जा सकती है। किस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में हमें कठोर परिश्रम एवं आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की और बढ़ना है। बालिकाओं के पोषण, संतुलित आहार, स्वास्थ्य के बारे में चर्चा करते बालिकाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया। राणा ने कहा कि हमारी जीत होते ही हमारे प्रति लोगों की नकारात्मक सोच हो जाती है सकारात्मक। नारी सशक्तिकरण पर गीत, कविता, सामूहिक गान की प्रस्तुति दी। पिछले सत्र में 10वीं में प्रथम रही नेहा पुत्री कुलदीप, 12वीं में प्रथम रही तमन्ना पुत्री जसवंत को सम्मानित किया गया।



जींद। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते विकास राणा सुदकैन।

### सूरजमल एससी सेल के चार जिलों के प्रभारी बने

**उचाना।** जजपा एससी सेल के प्रधान महासचिव सूरजमल ग्रोवर का जजपा में कद बढ़ा है। निरंतर संगठन के लिए काम करने का इनाम डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने जजपा के जो प्रमुख जिले माने जाते है उसमें सिरसा लोकसभा से चुनाव लड़ चुके निर्मल सिंह मालड़ी के साथ सूरजमल ग्रोवर को प्रभारी नियुक्त किया। इससे पहले सूरजमल ग्रोवर को डायरेक्टर हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम का सदस्य भी बनाया था। इन जिलों की अहमियत जजपा के लिए कितनी है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है जींद, सिरसा, हिसार, फतेहबाद वो जिले है जहां जजपा को विस चुनाव में 10 सीटों में से 7 सीटे मिली थी। सूरजमल ग्रोवर ने बताया कि अलग-अलग जिलों के जोन बनाए गए हैं। ग्रोवर ने बताया कि सभी जिलों में जेजेपी को मजबूत करने के साथ-साथ अधिक से अधिक एससी समाज के लोगों को जेजेपी से जोड़ने के लिए सभी प्रभारी अपने-अपने जोनों में काम करेंगे। जो जिम्मेदारी पार्टी द्वारा दी गई उसको निष्ठा से निभाने का काम करेंगे।

# पूंजीपतियों की मोदी सरकार: उदयभान

- कांग्रेस नेता प्रमोद सहवाग के कार्यालय पर पंहुचे प्रदेश अध्यक्ष उदय भान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने जींद में पार्टी कार्यकर्ता प्रमोद सहवाग के कार्यालय में सोमवार को पहुंचे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने 55 वर्ष तक शासन चलाया 100 पार्टी कार्यालय भी नहीं बना पाई भाजपा ने मात्र नौ साल में 544 पार्टी कार्यालय बना लिए। आलीशान पार्टी कार्यालय बनाने के लिए यह धन कहां से आया । ये सब भ्रष्टाचार का पैसा है। भाजपा की मोदी सरकार ने सार्वजनिक उपक्त्रमों को बेच डाला। उदयभान ने कहा कि ये कहां की ईमानदार सरकार है। अमीरों के लिए पूंजीपतियों की मोदी सरकार है। बेरोजगारी और महंगाई पर बात करने से सरकार घबराती है। युवाओं के हक की बात करने वालों को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के कांग्रेस राज को लोग याद कर रहे है। जींद की भी हालात अच्छे नहीं हैं। प्रमोद सहवाग ने बताया कि भाजपा के नेताओं ने अटल पार्क को भी नही बख्शा। हर स्तर पर लूट मची हुई है। उदयभान ने प्रमोद सहवाग के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से भी विस्तार से बातचीत। पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। पूर्व विधायक दयानंद शर्मा, धर्मेंद्र ढुल, प्रदीप गिल, दिलबाग संडील, वीरेंद्र घोघडिया, धर्मपाल कटारिया, देवेंद्र लोहान आदि मौजूद रहे।



प्रमोद सहवाग के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से बातचीत करते प्रदेशाध्यक्ष उदयभान।



जींद। काव्य गोष्ठी में भाग लेते कवियत्री।

### भारत की संस्कृति को रचनाओं के माध्यम से दर्शाया

**जींद।** महिला काव्य मंच जींद ईकाई ने मकाम के संस्थापक नरेश नाज के सानिध्य तथा अध्यक्षा इंदू के मार्गदर्शन में गोष्ठी आयोजित की गई। काव्य गोष्ठी का विषय भारतीय भाषा उत्सव रहा। इस दौरान सभी सदस्यों ने विभिन्न भाषाओं जैसे बंगाली, राजस्थानी, गुजराती, मराठी, पंजाबी और असमिया पर अपनी-अपनी प्रस्तुतियां देकर सभी को चकित कर दिया। इस भाषायी उत्सव को मनाने का उद्देश्य भारत की संस्कृति व विभिन्नता में एकता को दर्शाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अनीता शर्मा द्वारा मां सरस्वती की आराधना के साथ किया गया। गोष्ठी का संचालन रेखा गुप्ता ने किया। सदस्यों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से किसी ने सामाजिक समस्याओं पर तो किसी ने जीवन के मधुर व सार्थक पहलुओं पर और किसी ने माता-पिता के स्नेह को कविताएं द्वारा उजागर किया। इस मौके पर कविता शर्मा, शिखा, टिवंकल, ममता, प्रियंका, अनु, आशा, मीनाक्षी, संजू, पूनम, मंजू मानव, सुशील जांगडा, अनीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

# महाराजा सूरजमल को किया नमन

- महाराजा सूरजमल सभी वर्गों के हितैषी और आदर्श थे : लाठर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर महाराजा सूरजमल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित उन्हें याद किया गया। सोमवार को चौधरी मेहरसिंह लाठर वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा महाराजा सूरजमल की तस्वीर पर माला अर्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर अध्यक्ष आनंद लाठर ने कहा कि महाराजा सूरजमल केवल जाट समाज के महानायक नही बल्कि सभी वर्गों के हितैषी और आदर्श थे। उन्होंने गरीब कमजोर के साथ हो रहे जुल्म के खिलाफ लड़ाइयां लड़ी और लड़ते-लड़ते शहीदी को प्राप्त किया। उन्होंनें बताया कि महाराजा सूरजमल ने 80 युद्ध लड़े लेकिन वह कभी पराजित नहीं हुए। उनकी बहादुरी की मिसाल इतिहास के किताबों में दर्ज है। आनंद लाठर ने बताया की इतिहास में महाराजा सूरजमल का पराक्रम, रणनीति और युद्ध कौशल स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हैं। अंग्रेजों और मुगलों ने वहां पर 13 बार आक्रमण किया लेकिन लोहागढ़ किले की दीवारों ने अंग्रेजों के तोप के गोलों और हथियारों को निरस्त कर दिया और उन्हें हर बार मुंह की खानी पड़ी। मौके पर सुरेंद्र खटकड़, नरेश रामकली, सुदर्शन कुमार, रवि, मुकेश, विजयपाल लाठर, जयनारायण सहित अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



जींद। महाराजा सूरजमल की तस्वीर पर माला अर्पण उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए।




जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते डीएसपी अमित भाटिया।

### युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

जींद। गांव नारायणगढ़ में समाज को नशा मुक्त करने के लिए बाबा खड़काई नाथ युवा संगठन ने खेलों का आयोजन किया। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर डीएसपी अमित भाटिया ने शिरकत कर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। डीएसपी अमित भाटिया ने कहा कि आज के समय में युवाओं को नशे से दूर करने के लिए खेलों की तरफ ले जाया जा रहा है। जिला पुलिस का उद्देश्य है कि जिले में हर घर से नशे को खत्म करना है। पुलिस द्वारा नशा तस्करों को पकड़ने के लिए भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। जब तक नशा करने वालों पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। उनकी दिनचर्या में सुधार नहीं किया हो पाएगा। नशे को खत्म करने के लिए युवाओं का ध्यान बदलना होगा। खेलों के द्वारा ही ऐसा संभव है। इस दौरान नशा मुक्ति हरियाणा के ब्रांड अंबेसडर सियाज पूनिया ने नशे के बारे में अपने विचार रखें। नरेश कुमार, रामदिया, सोनिया आदि मौजूद रहे।

## घरों में देवी का रूप माना जाता है तुलसी को: विपिन आहूजा

# श्रद्धालुओं ने माता तुलसी की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलाभर में सोमवार को तुलसी पूजन दिवस पर जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। हकीकत नगर में तुलसी पूजन दिवस पर श्री राधे चरण पादुका सेवा समिति के तत्वावधान में तुलसी पूजा व पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत समिति पदाधिकारियों द्वारा श्रद्धालुओं को तुलसी के 120 पौधे वितरित किए गए और साथ ही तुलसी की महत्ता से अवगत करवाया गया। समिति महासचिव विपिन आहूजा, ने बताया कि तुलसी के पौधे के कई फायदे हैं जिससे हमें कई रोगों से लड़ने में सहायता मिलती है। सबसे बड़ी बात यह है कि तुलसी के पौधे का कोइ साइड इफैक्ट नहीं है। आज कल लोगों को इतनी सारी बीमारियां हो रही हैं कि उनके पैसे डॉक्टर और दवाइयों में खर्च हो रहे हैं। पर यदि आपके घर में तुलसी का पौधा लगा हुआ है तो चिंता करने की कोई जरुरत नहीं है।

इस मौके पर पंडित दीपक शर्मा, सचिन, राजेश, हैप्पी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।



जींद। सुप्रीम स्कूल में तुलसी पूजन करते हुए।

### ओम इंटरनेशनल स्कूल में तुलसी पूजन

उचाना के ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा में तुलसी पूजन उत्सव मनाया गया। प्रिंसिपल डिंपल अरोड़ा ने कहा कि तुलसी पूजा करने से मान्यतानुसार घर में सुख-समृद्धि और सुख शांति का वास होता है। प्रत्येक घर में तुलसी अवश्य होनी चाहिए। विभिन्न रोगों का निवारण करने में भी यह सक्षम है। तुलसी दिवस का विशेष धार्मिक महत्व होता है। माना जाता है कि तुलसी माता होती है और मां लक्ष्मी का रूप भी कही गई है। भगवान विष्णु की भक्त होने के चलते तुलसी को श्रीहरि की प्रिय माना जाता है। इसलिए तुलसी को हरिप्रिया भी कहते है। इस मौके पर स्कूल एमडी शर्मिली श्योकंद, हरदीप श्योकंद, प्रदीप श्योकंद मौजूद रहे।

### हिंदू धर्म में तुलसी पूजा का विशेष महत्व

सुप्रीम स्कूल के प्रांगण में तुलसी दिवस मनाया गया। तुलसी दिवस के अवसर पर स्कूल में तुलसी पूजन किया गया। प्रधानाचार्य सतेंद्र त्रिपाठी ने तुलसी दिवस के बारे में बताते हुए कहा की सनातन धर्म में इसके पूजन का खास महत्व माना गया है। मान्यता है कि घर में तुलसी का पौधा लगातार रोजाना इसकी विधिवत पूजा करने से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है और घर में सुख समृद्धि आती है। हिंदू धर्म में तुलसी पूजा का बहुत महत्व है।



जींद। योग करते हुए साधक।

### योग शक्ति दिवस धूमधाम से मनाया

**जींद।** भारतीय योग संस्थान बनखंड महादेव जिला ईकाई द्वारा रोहतक रोड पर बालाजी मंदिर पार्क में महिला योग शक्ति दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय योग विजेता यशोदा आर्य ने मुख्यातिथि के तौर पर व योग शिक्षिका किस्मत गुलिया ने विशिष्ट अतिथि की तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला इकाई के संरक्षक श्याम सुंदर गोयल द्वारा की गई। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला प्रधान वीरेंद्र गोयल, महिला जोन प्रधान कुसुम गुप्ता, महासचिव नवीन गुप्ता, कोषाध्यक्ष बीछा राम जिंदल, संगठन मंत्री नवीन गर्ग, सोमनाथ गोयल, अनीश दीक्षित, लाजपत गोयल भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि यशोदा आर्य ने कहा कि अगर महिलाएं स्वस्थ होगी तो तभी राष्ट्र सुदृढ़ बनेगा। बदलते सामाजिक प्रवेश के बीच आज महिलाएं पहले की तुलना में अधिक महत्वाकांक्षी हो गई हैं। आज महिलाएं घर की चारदीवारी से निकलकर सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक जगत में लिए जा रहे फैसलों बराबर की भूमिका अदा कर रही हैं।

# ऑनलाइन विभिन्न सेवाएं देना सुशासन का प्रतीक




**कैथल।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी कैथल में सुशासन दिवस मनाते हुए तथा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी और मंत्री कमलेश ढांडा आंगनबाडी वर्करों को स्मर्ट फोन देते हुए। फोटो : हरिभूमि

- प्राथमिकता से पुरानी व्यवस्थाओं को बदलकर लाभार्थी तक सीधा लाभ पहुंचाना किया गया है सुनिश्चित : कमलेश ढांडा
- नायब सिंह सैनी, विधायक लीला राम, जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने की सुशासन दिवस में कार्यक्रम में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सुशासन की धारणा पर चलते हुए विभिन्न सेवाएं और योजनाएं ऑनलाईन व्यवस्था के माध्यम से दी जा रही है। आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से दूर किया जा रहा है। राज्य सरकार ने पुरानी व्यवस्थाओं को बदलकर लाभार्थी तक सीधा लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया है, जिससे संबंधित व्यक्ति को सीधा लाभ मिल रहा है। सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में राज्यमंत्री कमलेश ढांडा तथा सांसद एवं बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी शामिल हुए। इस मौके पर उनके साथ विधायक लीला राम, जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर आदि ने भी शिरकत की। सुशासन दिवस पर आंगनवाड़ी कार्यकताअरं को स्मार्ट फोन तथा पटवारियों को टैब वितरित किए गए। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि आमजन के कार्यों को सरलता प्रदान करते हुए अटल सेवा केंद्र, अंत्योदय सरल केंद्र, सरल केंद्र स्थापित किए गए हैं। आमजन की परेशानियों के समाधान के लिए सीएम विंडो एक बेहतरीन माध्यम साबित हो रहा है, जहां कोई भी व्यक्ति अपनी परेशानी को तथ्यों के साथ रखता है और उनकी परेशानी का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होता है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा आंगनवाडी कार्यकताअरं, सुपरवाइजरों व सीडीपीओ को फोन देने संबंधी विभाग के तकरीबन 28 करोड़ रुपए की लागत के स्मार्ट फोन खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी और आज हम इन स्मार्ट फोन वितरण के साक्षी बन रहे हैं।

## जीवन को बनाया जा रहा है सरल : नायब सिंह सैनी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज भारत के दो महान रत्न, पण्डित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। सुशासन व्यवस्था से लोगों की समस्याओं का समाधान निरंतर किया जा रहा है, साथ ही उनके जीवन को सरल बनाने का कार्य किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत गांव को शहर से जोड़ना, बीपीएल कार्ड की महत्वकांक्षी योजना की परिकल्पना अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी। बीपीएल के तहत गरीब व्यक्तियों को सीधा लाभ मिल रहा है, जो सपने अटल बिहारी वाजपेयी ने गरीब जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए देखे थे, उन्हें पूरा करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। आज सड़क तंत्र को इतना मजबूत किया गया है कि जहां पहले दूर गणत्वय तक पहुंचने में अधिक समय लगता था, वहीं वह समय घटकर आधा हो गया है।

## उपचाराधीन मरीजों को वितरित किए फल

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, सांसद एवं बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, विधायक लीला राम, जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर व अन्य गणमान्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर नागरिक अस्पताल में जाकर उपचाराधीन मरीजों को फल वितरित किए और उनका कुशलक्षेम जाना। इस मौके पर सुरेश गर्ग नौच, रविभूषण गर्ग, ज्योति सैनी, भीम सैन अग्रवाल, प्रवीण प्रजापति, रामपाल राणा, नरेश मित्तल जिला प्रशासन की और से सीटीएम गुरविंद्र सिंह, सीएमओ रेणू चावला, सचिव रामजी लाल आदि मौजूद रहे।

## ये रहे उपस्थित

जिला स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम में विधायक लीला राम, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, डीसी प्रशांत पंवार, एसपी उपासना, एडीसी सुशील कुमार, एसडीएम कृष्ण कुमार व देवेंद्र शर्मा, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, संजय भारद्वाज, कर्मबीर कौल, ज्योति सैनी, सीमा रानी, भीम सैन अग्रवाल, रामपाल राणा, मुनीष कठवाड़, आदित्य भारद्वाज, नरेश मित्तल, मुकेश जैन, प्रवीण प्रजापति, हरपाल शर्मा, रामकुमार नैन, शक्ति सौदा, विरेंद्र बत्तरा, अजीत चहल, कुशल पाल, जग्गा राम सैनी, अशोक सैनी आदि मौजूद रहे।

## सतपाल जैन ने अंतिम दिन वापस लिया नामांकन

**कैथल।** रिटनिंर्ग अधिकारी एवं प्राचार्य आरकेएसडी कॉलेज डॉ. संजय गोयल ने बताया कि 25 दिसम्बर को नामांकन वापसी का दिन था। सतपाल जैन, कॉलेजियम 16, वोट संख्या 2758 ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। डॉ. गोयल ने बताया कि 26 दिसम्बर को मतदान चिन्ह जारी किए जाएंगे तथा 7 जनवरी 2023 को महाविद्यालय परिसर में ही मतदान होगा तथा मतदान के तुरन्त बाद मतों की गिनती की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जाएगी तथा मतदान के परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे। उसी दिन घोषित किया जाए। मतदान 2971 वोटों पर होगा. डॉ. गोयल ने बताया कि चुनाव को सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कॉलेज स्टाफ की विभिन्न कमेटियों का गठन किया जा रहा है। बता दें कि इस बार चुनाव में दो पार्टियां आमने-सामने आ गई हैं।

# वरिष्ठ जजपा नेता बलराज नौच ने 21 नवदंपत्तियों को दिया आशीर्वाद

- भारत हेल्प मिशन ने करवाए 21 बेटियों के हाथ पीले
- संस्था आयोजकों ने नौच को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



**कैथल।** वरिष्ठ जजपा नेता बलराज नौच नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए

भारत हैल्प मिशन संस्था द्वारा करनाल रोड स्थित हनुमान वाटिका में 21 जरूरतमंद कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन करवाया गया।

समारोह में वरिष्ठ जजपा नेता बलराज नौच विशिष्ट अतिथि के तोर पर भाग लिया। नौच ने कहा कि कन्यादान महादान है और जरूरतमंद बेटियों का विवाह करवाकर संस्था द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए पूरी संस्था बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास, उत्थान व कल्याण में धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं का शुरू से ही योगदान रहा है। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी काबलियत का लोहा मनवा रही है और देश में उच्च पदों पर आसीन होकर समाज व देश के उत्थान में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि जजपा-भाजपा सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे से समाज में जागरूकता आई है। सरकार द्वारा बेटियों व महिलाओं के उत्थान के लिए उठाए गए कदम व लागू की गई नीतियों को बेटियों व महिलाओं को पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वे भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। आयोजकों द्वारा नौच को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक भाजपा में शामिल

- प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी और जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर विशेष तौर से रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी



**पूंडरी।** कार्यक्रम के दौरान मंचासीन नायब सैनी व दिनेश कौशिक एवं उपस्थित हलकावासी।

पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक द्वारा जलपान कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्त्रम में कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद व भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष हजवाना, महिला जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी, वी.एस. चौधरी व संध्या कौशिक भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष की उपस्थिति में भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। प्रो. दिनेश कौशिक ने कहा कि जलपान कार्यक्त्रम अचानक तय होने के बाद किसी भी गांवो में निमंत्रण देने के लिए नहीं पहुंच सके, सभी कार्यकर्त्ता केवल फोन पर किए गए आह्वान पर यहां पहुंचे हैं और बढ़-चढकर भाग लिया, जिसके लिए समस्त कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जल्द ही हल्के में एक बड़ी रैली का आयोजन किया जाएगा, जोकि भीड़ के मामले में विशाल होगी और हजारों लोगों की भीड़ रैली में पहुंचेगी। कौशिक ने कहा कि प्रत्येक नागरिक से संपर्क साधने में और प्रत्येक व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ देने में भाजपा सरकार की जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। उन्होंने मंच के माध्यम से कहा कि तीसरी बार फिर से देश-प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है जोकि प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ही संभव होगी। उन्होंने कहा कि जलपान कार्यक्त्रम केवल सीमित लोगों का था परंतु कार्यकर्ताओं के स्नेह से यह जनसभा में तब्दील हो गया।

# प्रतियोगिता में छात्रों ने बहाया पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद



**राजौंद।** प्रतियोगिता के दौरान मौजूद। फोटो : हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद के खेल प्रांगण में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव सोहन पाल राणा ने बताया कि यह इंटर डिस्ट्रक्टि नेशनल के लिए आयु वर्ग 14 वर्ष लड़के व लड़कियां एवं आयु वर्ग 16 वर्ष लड़के व लड़कियां तथा अंडर 18 अंडर 20 आयु वर्ग व ओपन वर्ग के मुकाबले संपन्न हुए। उन्होंने बताया कि अंडर 14 आयु वर्ग ट्रायथलॉन ग्रुप ए लड़कों में जतिन प्रथम सचिन द्वितीय युद्ध वीर तृतीय, लड़कियों में श्वेता प्रथम वंशिका द्वितीय भावना तृतीय रही। ट्रायथलॉन ग्रुप बी लड़कों में नवजीत रूसंत विनय राणा आगे रहे। लड़कियों में हनप्रीत प्रियंका रेखा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 800 मीटर में ललित कुमार प्रथम, प्रदीप द्वितीय व अंकित ने तीसरा स्थान पाया। इस दौरान जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रतियोगिता में विभिन्न सामाजिक लोगों ने भाग लेकर बच्चों को भविष्य में भी इसी तरह खेलों में भाग लेने को प्रेरित किया।

## संतोख-माजरा में क्रिसमस-डे पर कार्यक्रम

**राजौंद।** गांव संतोख-माजरा में क्रिसमस-डे का पर्व धूमधाम से मनाया गया। गांव में स्थित चर्च में दुर.दराज से आए हजारों लोगों ने प्रभु यीशु से प्रार्थना कर सुख शांति की कामना की। इस दौरान विदेशों से भी लोगों ने आकर भगवान यीशु से प्रार्थना की। क्रिसमस.डे की तैयारियां पिछले कई दिनों से की जा रही थी तथा चर्च को खूब सजाया गया था। चर्च के बाहर लगी छोटी.छोटी दुकानों से लोगों ने खूब खरीददारी की।

## सूचना

मैं, विक्रम पुत्र सुभाष चन्द निवासी गांव भाना, तहसील पूण्डरी, जिला कैथल (हरियाणा) बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम विक्रम से बदलकर विक्रम सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे विक्रम सिंह के नाम से ही जाना जाए। सभी संबन्धित नोट करें।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

पाठक पुरस्कार योजना-2023

नाम......................................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी......................................
पता......................................तहसील ....................पिन....................
जिला .................... फोन नं. .................... एजेंट का नाम ....................

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |

नियम व शर्तें ● हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के तहत 01 जून 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक प्रकाशित कुल 24 कूपनों में से कोई 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) इस प्रपत्र में निर्धारित स्थान पर चिपकाएं (क्रम संख्या अनिवार्य नहीं है)। किसी एक दिनांक के दो कूपन प्रपत्र में नहीं चिपकाएं जा सकते। पूर्ण रुप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीकी हरिभूमि कार्यालय में या मुख्य कार्यालय में स्वयं अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवायें। ● किसी भी कूपन और प्रपत्र की छाया प्रति स्वीकार नहीं की जाएगी। ● प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 होगी। अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार्य नहीं होगें। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जाएगा। ड्रॉ निकालने की तिथि 15 फरवरी 2024 होगी। विजेताओं की सूची 01 मार्च 2024 के बाद समाचार पत्र में प्रकाशित की जाएगी। ● प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ● सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपने फोटो पहचान पत्र की फोटोप्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करानी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें। ● किसी भी वास्तविक पुरस्कार की बनावट एवं संख्या विज्ञान में दिखाए गए चित्र व संख्या से भिन्न हो सकती है। उत्पाद गारंटी निर्माता कपंनी की शर्त अनुसार होगी। ● राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ● हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ● हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

हरिभूमि कार्यालय - डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
मो. 8295157800, 9253681005, 8814999186, 925681019-20
हरिभूमि कार्यालय - करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
मो. 8295157800, 8814999166, 9253681005, 9253681019-20

## खबर संक्षेप

### तुलसी पूजन, साहिबजादों का शहीदी दिवस मनाया

**सीवन।** सीवन के स्टेपिंग स्टोन इंटरनेशनल स्कूल में तुलसी पूजन दिवस, क्रिसमस और छोटे साहिबजादों का शहीदी दिवस मनाया गया। स्कूल में कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ ही तुलसी का पूजन किया गया। बच्चे सेंटा क्लाज की पोशाक में भी नजर आए।

### गुरु द्रोणाचार्य स्कूल में क्रिसमस पर्व मनाया

**जींद।** गुरु द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल में सोमवार को क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छोटे विद्यार्थियों को संता की टोपी व ड्रेस पहना कर जब मंच पर लाया गया तो ये नजारा मनोहारी हो गया। विद्यार्थियों ने लघु नाटिका द्वारा प्रभु यीशु के जन्म को दर्शाया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने जिंगल बैल, मैरी क्रिसमस के गानों पर नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

### चर्च में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे

**सफीदों।** नगर के न्यू लाइफ चर्च में क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि आरपीआई अंबेडकर के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील गहलावत, लीगल सेल प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रिंकू मुवाना एवं आप नेता लाभ सिंह सिद्धू ने शिरकत की। चर्च के पास्टर विनोद भाटिया ने अतिथियों का अभिनंदन किया।

### मकर संक्रांति पर शुरू होगी संदेश यात्रा

**उचाना।** कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र श्योकंद ने कहा कि कांग्रेस पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा की अगुवाई में मकर संक्रांति के पर्व पर फरीदबाद से कांग्रेस संदेश यात्रा शुरू होगी। ये यात्रा 10 लोकसभा क्षेत्र एवं 90 हलकों में पहुंचेंगी। कांग्रेस राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला, पूर्व मंत्री किरण चौधरी भी इस यात्रा में शामिल रहेंगी। सफलता के लिए रणनीति बन रही।

### प्याज ले जाने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** धोखाधड़ी से 38 क्विंटल 80 किलो प्याज ले जाने के मामले की जांच थाना सीवन पुलिस के एसआई जसवंत सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी बरवाला निवासी मुकेश को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राजस्थान के जिला खैरतल के गांव काली पहाड़ी निवासी सचिन की शिकायत गाड़ी से प्याज बेचने सीवन मंडी में बेचने आया था।

### विजेता छात्राओं का किया जोरदार स्वागत

**राजौंद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त कर प्रदेश, जिला व नगर का नाम रोशन किया। छात्राओं का राजौंद पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी व खंड संसाधन संयोजक बलबीर सिंह कश्यप ने भी सभी को शुभकामनाएं दी।

### निःस्वार्थ सेवा से देता है भगवान इच्छित फल

**गुहला-चीका।** बच्चे और बुजुर्ग भगवान का स्वरूप होते हैं जिनकी निस्वार्थ सेवा में ही सर्वोत्तम सेवा छुपी है। यह विचार शहर के जाने-माने समाजसेवी सुरेंद्र सिंगला ने सर्दी झेल रहे बच्चों को गर्म वस्त्र पहनते हुए कहे। सुरेंद्र सिंगला ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को समानता एवं सम्मान के अधिकार की जरूरत है।

### नशा न करने बारे में किया गया जागरूक

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार द्वारा गांव पोलड़, हिम्मतपुरा तथा भुना में आमजन सहित खिलाड़ियों को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की।

## जनआक्रोश रैली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भरी हुंकार

# भाजपा-जजपा को सत्ता से बेदखल करेगी जनता

## पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा-कांग्रेस सरकार आने पर सफीदों में आईएमटी बनाया जाएगा

- बीजेपी की झूठी गारंटियों, जुमलेबाजियों ने प्रदेश की जनता को गुमराह करने का काम किया : उदयभान
- मनोहर सरकार बताए दूसरे प्रदेशों से कौन सी पर्ची आती हैं, जिन्हें सरकार नौकरी दे रही है : दीपेन्द्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। रैली को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा। *फोटो : हरिभूमि*



जींद। रैली के दौरान मंच पर मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व अन्य नेता।



जींद। रैली को संबोधित करते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा। *फोटो : हरिभूमि*

नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा की बीजेपी-जेजेपी सरकार को सत्ता से बेदखल करने की हुंकार भरते हुए कहा कि इस सरकार ने पिछले साढ़े नौ साल में हरियाणा को कहां से कहां पहुंचा दिया। आज हरियाणा के अस्पताल में डॉक्टर नहीं, स्कूल में मास्टर नहीं और सरकारी दफ्तरों में कर्मचारी नही हैं। बाहर निकलो तो सड़कें टूटी पड़ी हैं। इस सरकार ने कोई ऐसा काम नहीं किया जिसकी प्रशंसा की जा सके। जो हरियाणा 2014 से पहले तक प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, नौकरी देने में नंबर एक था वो आज बेरोजगारी, अपराध में नंबर एक पर है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा सोमवार को पुरानी अनाज मंडी सफीदों में आयोजित जनआक्रोश रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली का आयोजन विधायक सुभाष गांगोली ने किया जबकि मंच संचालन पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने किया। रैली में उमड़ी भीड़ तथा कांग्रेस विधायक सुभाष गांगोली के अपरा जनसमर्थन को देख कर पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा गदगद नजर आए। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में दो लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। बड़े पदों पर जो भर्ती की लिस्ट आती है, उसमें हरियाणा के नहीं दूसरे प्रदेशों के बच्चे भर्ती होते हैं। हरियाणा के बच्चे कहां जाएं। हमारी सरकार ने ठेकेदारी प्रथा ख़त्म की लेकिन बीजेपी-जेजेपी सरकार खुद ठेकेदार बन गई हे। पक्की नौकरियों को कौशल निगम के जरिये कच्चे में बदल दिया। जिसमें न नौकरी है न पेंशन है। अग्निवीर योजना में नौजवान चार साल में ही वापस घर लौट आएगा। प्रदेश को पोर्टलों के झंझट में फंसा दिया है। पहले किसान खेत से सीधा मंडी में फसल ले जाकर बेचता था, अब पोर्टल के भरोसे बैठा रहता है और उसे बारिश ओलावृष्टि से नुकसान हो जाता है तो मंडियों में एमएसपी तक नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में बदलाव की हवा चल रही है और प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। उन्होंने लोगों की मांग पर सफीदों में आईएमटी बनाने का ऐलान किया।

### बीजेपी-जेजेपी सरकार जा रही है : उदयभान

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि हरियाणा से बीजेपी-जेजेपी सरकार जा रही है और कांग्रेस सरकार आ रही है। बीजेपी की झूठी गारंटियों की पोल खोलते हुए उन्होंने कहा कि इनकी जुमलेबाजियों ने प्रदेश की जनता को गुमराह करने का काम किया है। इस चुनाव में वोट देते समय जनता को फैसला करना है कि इनकी कौन सी गारंटी पूरी हुई। हरियाणा में मनोहर सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है। साढ़े नौ साल में कोई नया काम किया नहीं उलटे प्रदेश पर चार लाख करोड़ से ज्यादा का कर्जा चढ़ा दिया।

### रैली में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, विधायक जगबीर मलिक, विधायक गीता भुक्कल, विधायक जयवीर बाल्मिकी, विधायक राव दान सिंह, विधायक बीबी बत्तरा, विधायक बलबीर बाल्मिकी, विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक परमिंदर ढुल, प्रमोद सहवाग, बलजीत रेढू, धर्मेंद्र ढुल, प्रदीप गिल, पवन गर्ग, दीपक पिंडारा, बिजेंद्र ढाठरथ, सारंग ढाठरथ सहित अनेक कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नौकरियों में दूसरे प्रदेशों के युवाओं की हो रही भर्ती

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि सफीदों के विधायक सुभाष गांगोली ने शराफत के मामले में उनका भी रिकार्ड तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि हर घर में नौजवान बेरोजगार हैं। हरियाणा की सरकारी भर्तियों में जो लिस्ट आ रही है उसमें 'यादातर दूसरे प्रदेशों के नौजवानों को हरियाणा की लिस्ट में जगह दी जा रहे है। इसका उदाहरण देते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि एसडीओ भर्ती में 80 में से 78 बाहर के चयनित हुए। एसडीओ इलेक्ट्रिकल में 99 में से 77 बाहर के, असिस्टेंट प्रोफेसर टेक्निकल की लिस्ट में 156 में से 103 बाहर के चयनित हुए और अब हाल में एसडीओपी लिस्ट में 7 में से 4 पदों पर दूसरे प्रदेश के लोगों की भर्ती कर ली गई। ऐसे में हरियाणा का युवा कहां जाएगा। पिछले 10 साल में हरियाणा में बेरोजगारी ने हालात बदतर कर दिए हैं। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव का निर्णय ले चुकी है और आने वाले चुनाव में अपने वोट की चोट से बीजेपी-जेजेपी का घमंड तोड़ देगी।

### कांग्रेस सरकार बनते ही निकाल दूंगा सारी कसर : सुभाष गागोली

जन आक्रोश रैली को सबोधित करते हुए सफीदो के विधायक सुभाष गागोली ने कहा कि भाजपा के शासन काल मे सफीदो की अनदेखी हुई है। पांच साल से सफीदो के विकास को लेकर भेदभाव सरकार ने किया है। सफीदो मे सीएम मनोहर लाल ने पैरामेडिकल कालेज बनाने की घोषणा की थी। उसे जीद ट्रास्फॅर कर दिया गया। पिल्लूखेडा कालेज स्कूल मे चल रहा है। उसके लिए इमारत नही बनी है। अब आइएमटी की बात की जा रही है। बेरोजगारी तथा महगाई ने लोगो की कमर तोड हुई है। जनता बेहाल हो चूकी है। अब लोगो को बस चुनाव का इतजार है। इस बार ओर मौका दे देना पिछले नौ साल मे सफीदो के साथ हुए भेदभाव की कसर अगले पांच साल मे काग्रेस सरकार बनते की पूरी कर दूगा।

## आरकेएसडी कॉलेज के चुनाव में सतीश निर्विरोध चुने गए

- सतपाल जैन ने लिया नाम वापस लेने से कॉलेजियम का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



सतीश बंसल

आरकेएसडी कालेज के चुनाव में सोमवार को नामांकन वापस लेने के दिन कालेजियम 16 से उम्मीदवार सतपाल जैन ने नामांकन वापस ले लिया है। ऐसे में कालेजियम 16 से सतीश बंसल को निर्विरोध चुन लिया गया है। वह रविभूषण गर्ग के ग्रुप से चुनाव लड़ रहे थे। सतपाल जैन ाके नामांकन वापसी को विशेष रणनीति से जोड़ कर देखा जा रहा है। अब रविभूषण गर्ग के ग्रुप के उम्मीदवार 20 कालेजियम से चुनाव लड़ रहे हैं। सतपाल जैन ने कहा कि सतीश बंसल एक अनुभवी व्यक्ति हैं। उन्होंने समिति के लिए बहुत काम किए हैं और कर रहे हैं। उनके इसी अनुभव को देखते हुए उन्होंने नामांकन वापस ले लिया है। नामांकन वापसी के समय उनके साथ रवि भूषण गर्ग, प्रवीन चौधरी, राम चौधरी आदि मौजूद थे। वहीं सतीश बंसल ने कहा कि वे सतपाल जैन के फैसले का स्वागत करते हैं। सतीश बंसल ने कहा कि समाज के लोगों ने उन पर जो भरोसा जताया है।

## मिनिस्ट्रीयल एजुकेशन स्टाफ 10 को शिक्षा सदन पर बोलेगा हल्ला

**जींद।** हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन राज्य कोर कमेटी की ओर से प्रदेशाध्यक्ष संदीप सांगवान ने कहा कि शिक्षा विभाग में कार्यरत्त मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मियों की मांगों को अनुसना कर रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया है। शिक्षा मंत्री के साथ हुए समझौते को भी 16 माह बीत जाने के बाद भी लागू नहीं किया गया। भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पेपरलैस ऑफिसीज, स्टाफिंग पॉलिसी, एनईपी लागू कर रोजगार को भी समाप्त कर रही है। नियमों को ताक पर रख कर टीचर ट्रांसफर पॉलिसी थौंप कर मामूली वेतन प्राप्त क्लर्कों को दूरदराज स्थानांतरित कर दिए।

## सरकार की आंखे पेंशन संकल्प महारैली खोलेगी

- कहा-जो पार्टी कर्मचारियों का हक पुरानी पेंशन लौटाएगी, उसका करेंगे सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जुलाना। जींद रैली को लेकर बैठक में पहुंचे पेंशन बहाली संघर्ष समिति के राज्य प्रधान विजेंद्र धारीवाल। *फोटो : हरिभूमि*

जींद में 11 फरवरी को होने वाली पेंशन संकल्प महारैली में कर्मचारियों की भारी भीड़ जुटाने की कवायद पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने तेज कर दी है। ब्लॉक स्तर पर बैठकें करके कर्मचारियों को परिवार सहित पेंशन संकल्प रैली में पहुंचने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी को लेकर जुलाना के हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम कार्यालय प्रांगण में पेंशन बहाली संघर्ष समिति ब्लॉक की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान बिजेन्द्र करेला ने की। इस मौके पर राज्य प्रधान विजेंद्र धारीवाल के अलावा कई पदाधिकारी बैठक में पहुंचे। उन्होंने कहा कि जींद को हरियाणा की राजनैतिक राजधानी माना जाता हैं और इसी राजनैतिक राजधानी में पेंशन बहाली संघर्ष समिति द्वारा 11 फरवरी को पेंशन संकल्प महारैली का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश सरकार से वार्तालाप होने के बाद पुरानी पेंशन को लेकर एक कमेटी का गठन करने की बात कही थी लेकिन आज तक भी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन को लेकर सरकार गंभीर नहीं हैं। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चैटाला ने जींद रैली के माध्यम से पार्टी की सरकार बनने पर पुरानी पेंशन दिए जाने का वायदा किया था लेकिन उसके बावजूद सरकार में हिस्सेदारी होने के बाद भी उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चैटाला ने पुरानी पेंशन को लेकर किसी प्रकार की चर्चा नहीं की हैं। जिस कारण आज हरियाणा के कर्मचारियों में प्रदेश की गठबंधन सरकार के प्रति गहरा रोष बना हुआ हैं। विरेन्द्र धारीवाल ने कहा कि 11 फरवरी से पहले अगर प्रदेश सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर घोषणा करती हैं तो वे सरकार का सहयोग करेंगे अन्यथा चुनाव में भाजपा सरकार को कर्मचारियों का विरोध का सामना करना पड़ सकता हैं। जिला प्रधान जोगिंद्र लोहान, देवीलाल, बिजेंद्र करेला, सचिन, विनोद, परमात्मा प्रसाद, राजपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## वेदांता स्कूल में प्रतियोगिता व फैंसी ड्रैस कंपीटिशन का आयोजन

**नरवाना।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द में सोमवार को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चे विभिन्न प्रकार की वेशभूषाओं में नज़र आए व विभिन्न गतिविधियां की। प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्नों ने सुंदर कविताएं व डांस प्रस्तुत किए। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने काफी सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया व बच्चे रंग-बिरंगी परियां, प्रधानमंत्री मोदी, सैनिक, सुपरमैन, साइंटिस्ट व सांता क्लॉज की वेशभूषा में नजर आए। स्कूल प्रधानाचार्या ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों को नई ऊर्जा मिलती है और वे और अधिक एनर्जी से भर जाते हैं।

## रफी की जयंती पर संगीतमयी श्रद्धांजलि

- गायकों ने मोहम्मद रफी की सुंदर-सुंदर गीत गाकर के श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



नरवाना। गायन प्रस्तुति देते हुए डॉ देवेंद्र बिंदलीश। *फोटो : हरिभूमि*

कस्बे के सा रे गा मा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की जयंती पर संगीतमयी श्रद्धांजलि दी गई। यह कार्यक्रम कस्बे के आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय में आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। मोहम्मद रफी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की शुरूआत हुई। नरवाना के गायकों द्वारा मोहम्मद रफी के बहुत ही सुंदर-सुंदर गीत गाकर के श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। राहुल शर्मा ने तेरी आंखों के सिवा दुनिया में रखा क्या है, डॉक्टर भार्गव ने तेरी जुल्फों से जुदाई तो नहीं मांगी थी, डॉक्टर बिंदलिश ने छू लेने दो नाजुक होठों को नरेंद्र जेठी ने बर्बाद मोहब्बत की दुआ साथ लिए, जाबलजीत जांगड़ा ने तुझको पुकारे मेरा प्यार, सचिन शर्मा ने रुख से जरा नकाब हटा दो मेरे हजूर, सुभाष गोयल ने ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं, प्रेरणा कौशिक ने अब तो है तुमसे हर खुशी अपनी, राघव सिंगला ने यही है तमन्ना तेरे दर के सामने, जय पेंटर ने जनम जनम का साथ है निभाने को, प्रमोद ने दिल कहे रुक जा रे रुक जा यहीं पर कहीं, सुदेश ने कोई जब राह ना पाए मेरे संग आए, गौरव शर्मा और उनके पुत्र ने बने चाहे दुश्मन जमाना हमारा गीत गाकर श्रोताओं का मन मोह लिया। इस सुरीली शाम मुख्य अतिथि प्रमोद सिंगला, विशिष्ट अतिथि कुलदीप सिंगला, अति विशिष्ट अतिथि राजेश सिंगला प्रॉपर्टी एडवाइजर रहे।


## बच्चों को तुलसी के पौधे के गुणों की दी जानकारी

**नरवाना।** सोमवार को कस्बे के आदर्श बाल मदिर उच्च विद्यालय नरवाना में तुलसी दिवस को बड़े हषार्ेल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें तुलसी के पौधे के लिए एक सुसि'जत मंच पुष्प गुच्छ एवं फूलों से सजाया गया। प्रधानाचार्य अनिल एवं आचार्य भैया बहनों ने तुलसी के पौधे के सम्मुख धूप, दीप, पुष्प एवं प्रसाद से आराधना और आरती की। उसके बाद आचार्य बहनों में माता तुलसी के पौधे पर लाल चुनरी चढाकर संरक्षण करने का आग्रह किया। उसके बाद एक वन्दना सभा का आयोजन किया और बच्चों को तुलसी के पौधे के गुण बताकर प्रेरित करते हुए बताया कि तुलसी अनेक गुणों से लाभ देने वाला पौधा है जो हमें खांसी, जुकाम और अन्य अन्य रोगों में सहायता प्रदान करता है।

## आप की बदलाव यात्रा से कैथल में बदला माहौल

- आप 2024 में सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन करने का काम करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



सतबीर गोयत

आम आदमी पार्टी के एजुकेशन विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतबीर गोयत ने कहा कि कैथल और कलायत विधानसभा में आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा के दौरान जनता ने भारी समर्थन दिया और हल्के की जनता भी बदलाव करने की बातें करने लगी है। इससे गांवों और शहर में आम आदमी पार्टी का माहौल बदला दिखाई दे रहा है। वहीं अब हरियाणा की जनता ने भी पंजाब और दिल्ली के बाद हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की नीतियों पर चलने की शुरूआत कर दी है। बदलाव यात्रा में उमड़ा जनसैलाब इस बात का गवाह है कि आम आदमी पार्टी 2024 में सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा का सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी का है। हरियाणा में 25 लाख युवा बेरोजगार हैं। युवाओं ने ये न कहा हो कि हमारे लिए रोजगार का प्रबंध कर दीजिए।



### खेलों से बढ़ता है भाईचारा : सुरेश कुमार

**राजौंद।** एम डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजौंद में एथलीट मीट का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने ग्रुप वाइज खेलों में भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि पाल सुरेश कुमार नैन ने शिरकत की बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट के साथ सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष वेद प्रकाश संस्था के ओनर देशराज, प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने सभी विजेताओं को मेडल और ट्रॉफी दी और उन्हें भविष्य में इसी लगन और मेहनत से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में बेस्ट हाउस भगत हाउस रहा और रनरअप सुखदेव हाउस रहा जिसमें बच्चों ने बहुत अच्छी परफॉमेंर्स दी और मोहित सीनियर बॉयज में बेस्ट ऐथलीट रहे, जमीन सीनियर गर्ल्स में बेस्ट एथलीट रही, हनप्रीत जूनियर गर्ल्स, सोमबीर जुनियर बॉयज काव्य सबजूनियर गर्ल्स और हंसप्रीत सबजूनियर बॉयज में बेस्ट ऐथलीट रहे।

## डेढ़ करोड़ खर्च कर निगम ने बढ़ाई काकड़ोद पावर हाउस की क्षमता

# अब ओवर लोडिंग से नहीं लगेंगे बिजली के कट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। काकड़ोद गांव के पॉवर हाऊस में लगाया गया 30एमवीए का ट्रांसफार्मर।

ओवर लोडिंग के चलते लगने वाले बिजली के कटों से आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों, किसानों को आने वाले दिनों में छुटकारा मिलेगा। काकड़ोद गांव के 33केवी पॉवर हाउस की क्षमता को बढ़ाते हुए 20 एमवी से 30 एमवीए की क्षमता की गई है। ग्रामीणों, किसानों द्वारा लगने वाले बिजली के ओवर लोडिंग कटों से नियमित रूप से छुटकारा दिलाने की मांग करते हुए पॉवर हाऊस की क्षमता बढ़ाने की मांग की थी। ये मांग बिजली निगम ने पूरी करते हुए 150 लाख रुपये खर्च करके 20 एमवीए से बढ़ाकर 30 एमवीए क्षमता की है। काकड़ोद, बुडायन, मखंड, नचार खेड़ा, उदयपुर, दुर्जनपुर गांव के साथ-साथ जो बिजली की लाइन खेतों में गई है वहां पर भी ओवर लोडिंग से लगने वाले कट बंद होंगे। 26 दिसंबर को पॉवर हाऊस में रिपेयर के चलते सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक बिजली सप्लाई भी बंद रहेंगी। जो नया ट्रांसफार्मर बिजली निगम द्वारा लगाया था उस पर लोड शिफ्ट किया जाएगा।

### कटों से मिलेगा छुटकारा

मनोज शर्मा, दिलबाग श्योकंद, सूरजमल, राजेंद्र ने कहा कि ओवर लोडिंग के चलते बिजली के कट लगते है। सबसे अधिक परेशानी गर्मी के मौसम में होती है। ओवर लोडिंग की समस्या का जड़ से समाधान के लिए पॉवर हाऊस की क्षमता को बढ़ाने की मांग की गई थी जो पूरी हो गई है। अब 30 एमवीए का ट्रांसफार्मर रखने से ओवर लोडिंग से कट नहीं लगेंगे।

### आज पॉवर हाउस में होगा कार्य

बिजली निगम के एसडीओ संजीव ठुकराल ने बताया कि काकड़ोद गांव के पॉवर हाऊस की क्षमता को बढ़ाया गया है। 20 एमवीए से बढ़ाकर अब क्षमता 30 एमवीए हो जाएगी। निगम द्वारा 150 लाख रुपए इसको लेकर खर्च किए है। 26 दिसंबर को पॉवर हाउस में कार्य के चलते सुबह 10 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक बिजली बंद रहेंगी।